**दिनांक : 02.02.2025** **समय : 7.10पीएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

**मुख्य समाचार :–**

- बसंत पंचमी के अवसर पर कल होने वाले तीसरे अमृत स्नान के लिए प्रयागराज महाकुंभ में सुरक्षा और सुविधा के लिए तैयारियां जारी।
- दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर। प्रधानमंत्री ने की जनसभा, कांग्रेस और आप पार्टी भी प्रचार में जुटी।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आम बजट को गरीबी मुक्त गांव के सपनों को साकार करने वाला बताया।
- अंडर–19 महिला टी–20 क्रिकेट विश्वकप का खिताब लगातार दूसरी बार भारत ने जीता।
-

**अब समाचार विस्तार से:–**

**महाकुंभ– तैयारियां**

बसंत पंचमी पर पर कल होने वाले तीसरे अमृत स्नान के पर्व पर को लेकर प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को सुरक्षित और सुलभ बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है। रेलवे प्रशासन प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलायेगा। वहीं घर वापसी के लिए 2500 रोडवेज की बसे आरक्षित की गई जिससे हर 15 मिनट में बस उपलब्ध होगी।

इसके अलावा हर 2 मिनट में शटल बस सेवा मिलेगी जो अस्थाई बस स्टेंड से मेला क्षेत्र में जाएंगी। इस बीच अब तक इस महाकुंभ में 35 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई है।

**दिल्ली–प्रचार**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए अब केवल दो दिन बचे हैं। सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के प्रयासों में जुटे हैं। आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी अपने अपने उम्मीदवारों के लिये समर्थन जुटाने की कोशिश में एक के बाद एक रैलियां और रोड़–शो कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आर के पुरम में जनसभा को संबोधित किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता अश्विनी वैष्णव ने घर–घर जाकर प्रचार किया। इस बीच, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ता उनकी पार्टी के लोगों को डरा, धमका और परेशान कर रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मुस्तफाबाद क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। 70 सदस्यों वाली दिल्ली विधानसभा के चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को मतगणना होगी।

**प्रधानमंत्री महाकुंभाभिषेगम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और इंडोनेशिया के संबंध केवल भू–राजनीतिक ही नहीं हैं बल्कि हजारों वर्ष पुराने हैं। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महाकुंभाविशेगम को ऑन लाइन संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश संस्कृति सभ्यता और आध्यातमिक रूप से जुडे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई भी भारतीय प्रम्बानन मंदिर जैसे इंडोनेशिया के मंदिरों में जाता है तो उन्हें काशी और केदारनाथ की याद आती है।

**सूचना प्रसारण सचिव**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू आज भोपाल दौरे पर थे। उन्होंने दूरदर्शन परिसर में सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दिशानिर्देश दिए। उन्होंने दूरदर्शन के कार्यक्रमों और प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स को लोकप्रिय बनाने के संबंध में चर्चा की। श्री जाजू ने इससे पहले भारत भवन में चल रहे भोपाल साहित्य एवं कला महोत्सव के एक सत्र में भी हिस्सा लिया।

**जीएसटी संग्रह–जनवरी**

इस वर्ष जनवरी महीने में वस्तु और सेवा कर – जीएसटी के रूप में एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कुल राजस्व प्राप्त हुआ है। यह जनवरी 2024 की तुलना में 12 दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जनवरी में केंद्रीय वस्तु और सेवा कर संग्रह 36 हजार 77 करोड़ रुपये और राज्य वस्तु और सेवा कर 44 हजार 942 करोड़ रुपए है। एकीकृत वस्तु और सेवा कर संग्रह की राशि 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक और उपकर 13 हजार 412 करोड़ रुपये है।

**बजट प्रतिक्रिया–शिवराज**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त गांव के सपने को साकार करने के लिये बजट में प्रत्येक वर्ग के लिये प्रावधान रखा गया है। श्री चौहान आज मुरैना के बड़ोखर क्षेत्र में संजीवनी हास्पिटल के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने किरार धाकड़ समाज के प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया। पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री चौहान ने बजट को अभिनंदनीय बताते हुये कहा कि गरीब, किसान और जन–जन के विकास के लिये किये जा रहे कार्यों का परिणाम है कि सभी वर्गों का ध्यान बजट में रखा गया है।

**आम बजट–प्रतिक्रिया**

आम बजट को लेकर जनता द्वारा उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं दी जा रही हैं। शहडोल के सीए सुशील अरोरा ने बजट का स्वागत करते हुए बताया....

**दीक्षांत समारोह–राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल ने समारोह में विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने समारोह के सारस्वत अतिथि एवं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को एमसीबीयू डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि से विभूषित किया। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

**मुख्यमंत्री गुजरात हादसा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के सापुतारा घाट के पास यात्रियों से भरी बस के खाई में गिरने से हुई दुर्घटना में मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं के असामयिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है। उन्होने सभी मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4–4 लाख, गंभीर रूप से घायलों को एक–एक लाख एवं सामान्य घायलों को 50–50 हजार रुपए की सहायता राशि देने और समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के श्रद्धालुओं को द्वारका की ओर ले जा रही यात्री बस का नासिक–सूरत हाइ–वे पर खाई में गिरने से शिवपुरी के चार यात्रियों सहित 5 लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई और 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

**राष्ट्रीय खेल**

उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में भारोत्तोलन में महाराष्ट्र के वैशव शाहजी ठाकुर ने पुरूषों के 102 किलो वर्ग में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। निशानेबाजी में मध्य प्रदेश की अशी चौकसे ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

**क्रिकेट–अंडर–19 महिला विश्व कप**

भारत ने आईसीसी अंडर–19 महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया है। क्वालालाम्पुर में आज फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराया। भारत ने 83 रन का लक्ष्य 52 गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत की अंडर–19 महिला टी–20 क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने पर बधाई और शुभकामनायें देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**समाचार संक्षेप में .....**

- भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और अन्तिम टी–20 क्रिकेट मैच मुंबई में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।
- अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा ने आज उज्जैन के कलेक्टर कार्यालय में सिंहस्थ 2028 की तैयारी के लिए कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अभी तक शुरू किए गए कार्यों के लिए अलग–अलग विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की।
- भोपाल स्थित मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के समय में परिवर्तन किया गया है। फरवरी से अक्टूबर तक दोपहर 12.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक संग्रहालय दर्शकों के लिए खोला जायेगा।
- केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 5 फरवरी को सीहोर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ करेंगे।
- छिन्दवाड़ा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन मेले का आज आयोजन किया गया।
- प्रकृति के उल्लास और ज्ञान की देवी माता सरस्वती की आराधना का पर्व बसंत पंचमी देवास जिले में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर जिले भर में अनेक स्थानो पर सरस्वती पूजन के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

- खण्डवा मे नर्मदा जयंती का पर्व 4 फरवरी तक मनाया जायेगा। इस पर्व पर ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं दर्शन हेतु एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।

————————